भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2504

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

राजमार्गों की मरम्मत

2504. श्री कुलदीप इंदौरा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के महत्वपूर्ण सड़क नेटवर्क की दीर्घायु और निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के रखरखाव और विकास के लिए जिम्मेदार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सरकार ने कोई नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं;

(ख) क्या सरकार ने एनएचएआई को राजस्थान में क्षतिग्रस्त राजमार्गों की मरम्मत तुरंत करने का निर्देश दिया है; और

(ग) श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के विशेष संदर्भ में राजस्थान में समग्र सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। अधिसूचित राष्ट्रीय राजमार्गों पर क्षमता वृद्धि सहित कार्य यातायात सघनता, सड़क की स्थिति, पारस्परिक प्राथमिकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर किए जाते हैं।

सरकार ने योजना बनाई है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के सभी राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों को निम्नलिखित में से किसी एक तंत्र के माध्यम से रखरखाव किया जाना चाहिए:

i. राष्ट्रीय राजमार्गों के उन खंडों, जहां विकास कार्य शुरू हो गए हैं या संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ओएमटी) रियायतें/संचालन और रखरखाव (ओएंडएम) करार सौंप दिए गए हैं, के रखरखाव और मरम्मत (एम एंड आर) की जिम्मेदारी दोष देयता अवधि (डीएलपी)/रियायत अवधि के अंत तक संबंधित रियायतग्राहियों/ठेकेदारों की है। इसी तरह, टीओटी (टोल संचालन और हस्तांतरण) और इनविट (अवसंरचना निवेश न्यास) के तहत किए गए कार्यों वाले एनएच खंडों के एम एंड आर जिम्मेदारी रियायत अवधि के अंत तक संबंधित रियायतग्राही की है।

ii. राष्ट्रीय राजमार्गों के शेष सभी खंडों के लिए, सरकार ने निष्पादन आधारित रखरखाव करार (पीबीएमसी) या अल्पकालिक रखरखाव करार (एसटीएमसी) के माध्यम से रखरखाव कार्य करने का नीतिगत निर्णय लिया है।

(ख) राष्ट्रीय राजमार्गों पर किसी भी क्षति की मरम्मत करना एक सतत प्रक्रिया है और जहां ऐसी क्षति होती है, वहां मरम्मत की जाती है।

(ग) सरकार द्वारा श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में निम्नलिखित 06 परियोजना राजमार्ग विकसित किए गए हैं:

परियोजना का नाम	जिला का नाम	लंबाई (किमी)	टिप्पणी
अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे के एक भाग के रूप में एनएच-754के के संगरिया (चौटाला के निकट)-रासीसर (बीकानेर के निकट) तक के खंड में 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण।	हनुमानगढ़	60.285	संचालित की जा रही है
	श्रीगंगानगर	35.292	संचालित की जा रही है
एनएच-911 पर श्रीगंगानगर से रायसिंहनगर तक (डिजाइन चैनेज 0.500 किमी से डिजाइन चैनेज 101.00 किमी तक) पेव्ड शोल्डर्स सहित दो लेन का निर्माण/उन्नयन।	श्रीगंगानगर	102.076	कार्य चल रहा है।
एनएच-54 के हनुमानगढ़ से केंचियां के किमी 0/0 से किमी 49/605 तक 2लेन+पेव्ड शोल्डर में उन्नयन	हनुमानगढ़	49.6	निर्माणाधीन
राजस्थान राज्य में एनएच-954 के पक्का सहरना से कालूवाला रखरखाव।	हनुमानगढ़	7.3	निर्माणाधीन
	श्रीगंगानगर	24.2	
"राजस्थान राज्य में एनएच-62 (पुराना एनएच-15) के सूरतगढ़-श्रीगंगानगर खंड के किमी 173/002 से 250/900 तक सुदृढ़ीकरण"	हनुमानगढ़	8.5	डीएलपी के अधीन
	श्रीगंगानगर	69.4	
राजस्थान राज्य में पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन द्वारा एनएच-15 के किमी 10.630 से होकर एनएच-15 के बीकानेर-सूरतगढ़ खंड (एनएच-11 के किमी 553.869 से एनएच-15 के किमी 173.000 तक) विकास और संचालन।	श्रीगंगानगर	47.38	ओ एंड एम के अधीन

*****